Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 18-12-2006

Participants : Sangwan Shri Kishan Singh

an>

Title: Problems being faced by farmers in Haryana due to acquisition of their land at lower prices and charging of heavy amount on power connections.

श्री किशन सिंह सांगवान (सोनीपत) : महोदय, पूरे देश में हर वर्ा किसानों की समस्याओं पर चर्चा होती है।किसानों की आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि वे आत्महत्याएं कर रहे हैं। सारा देश जानता है कि कितनी बार इस पर बहस हुई है।

हरियाणा में वैसे तो सारे देश में एस.ई.जेड. के नाम पर जमीनें एक्वायर हो रही हैं, कहीं पानी के लिए, कहीं किसी चीज़ के लिए किसान सत्याग्रह कर रहे हैं। हरियाणा जैसे प्रान्त में 8-9 जगह किसान सत्याग्रह कर रहे हैं, कहीं एस.ई.जेड. बन रहा है, तो वहां पर किसानों की जमीन सस्ती एक्वायर हो रही हैं, 18-18 लाख रुपये में ढाई-ढाई करोड़ रुपये एकड़ की जमीन एक्वायर कर रहे हैं, इससे किसान एजीटेटिड हैं, कहीं डी.ए.पी. खाद और कहीं यूरिया खाद नहीं मिल रहा है, उस कारण एजीटेशन में हैं, कहीं सूखे में मर रहे हैं और बागा भिवानी जिले में एक ऐसा स्थान है, वहां के किसान बिजली की कमी के कारण कई महीनों से लगातार एजीटेशन कर रहे हैं। उनकी मांग है, उन्होंने कनैक्शन के लिए पैसे एडवांस में जमा करा रखे हैं, कई-कई साल हो गये, लेकिन उनको बिजली के कनैक्शन नहीं मिल रहे हैं। वाटर लेविल इतना नीचे चला गया, वे उस हिसाब से मांग करते हैं कि स्लैब प्रणाली लागू हो जाये। ट्यूबवैल के पैसे के बारे में उनको आप बतायें, उन किसानों को बिजली मिल नहीं रही है और एक तरफ सरकार ने बिजली के रेट बढ़ा दिये, दो फेज़ की बिजली तो मिलने का तो सवाल ही नहीं है। ऐसी बिजली नहीं मिलती है तो पावर के बिना उनकी सारी मोटरें जल जाती हैं, ऐसी स्थिति बनी हुई है।

हरियाणा जैसा खुशहाल प्रान्त जिसे कहा जाता है, वहां लोग किसानों के नाम पर राजनीति करते हैं। राज बनने के बाद वे किसानों को भूल जाते हैं। आज पूरे प्रदेश का किसान एजीटेटिड है, बिजली की कमी की वजह से, खाद की कमी की वजह से, उनकी जमीनें सस्ते दामों पर एक्वायर हो रही हैं, किसान लुट रहा है, इसलिए मेरी आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग है कि वह इसमें इण्टरफियर करे और सरकार को डायरैक्शन दे कि उनकी बात सुने। वह कम से कम बात तो सुने, आज कोई उनकी बात सुनने के लिए भी तैयार नहीं है। आज किसान इतने अपमानित हुए बैठे हैं, इसलिए उनकी हर तरह की समस्या का समाधान करे।